# कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी

क्रमांक/उद्यान/भडांर/नीलामी/2016–17/ 21 /पचमढ़ी, दिनांक 13/04/16

## //आदेश//

वर्ष 2016–17 में पचमढ़ी, एवं मटकुली उद्यानों की आदान सामग्री क्रय करने की कार्यवाही कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी में दिनांक 28/04/2016 को दोपहर बाद 3.00 बजे से आयोजित की गई है। आदान सामग्री क्रय करने की कार्यवाही सम्पादन करने हेतु निम्नानुसार समिति का गठन किया जाता है।

1. संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी म.प्र.भोपाल/प्रतिनिधी :– अध्यक्ष
2. श्री एस.आर.असाटी संयुक्त संचालक उद्यान नर्मदापुरम संभाग होशंगाबाद :– सदस्य
3. श्री एस.पी.एस.कुशवाहा संयुक्त संचालक उद्यान प्रशिक्षण पचमढ़ी :– सदस्य
4. श्री सर्वेश कुमार तिवारी, सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी :– सदस्य
5. श्री राजू बड़वाया, सहायक संचालक उद्यान सिलारी पिपरिया :– सदस्य
6. श्री आर.एस.शर्मा, उद्यान अधीक्षक मटकुली :– सदस्य
7. श्री तौहीद खान, प्रभारी पगारा उद्यान/कर्बला उद्यान पचमढ़ी :– सदस्य

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी।**
**जिला होशंगाबाद**

पृ. क्रमांक/उद्यान/भडांर/नीलामी/2014–15/ 22 /पचमढ़ी, दिनांक 13/04/16
प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त सह संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी म.प्र. भोपाल की ओर भेजकर निवेदन है कि आदान सामग्री क्रय करने की कार्यवाही हेतु पधारने/प्रतिनिधी नामांकित करने का कष्ट करें।
2. संयुक्त संचालक उद्यान नर्मदापुरम संभाग होशंगाबाद की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. संयुक्त संचालक उद्यान (प्रशिक्षण) पचमढ़ी की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. संबंधित श्री ........................................................................................ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु नियत अवधि एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी।**
**जिला होशंगाबाद**

# कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी

क्रमाँक / उद्यान / भडांर / 2016–17 / /पचमढ़ी, दिनाँक .............

प्रति,

**आयुक्त,**
**जन संपर्क संचालनालय (विज्ञापन)**
**बाण गंगा रोड़ भोपाल (म0प्र0)**

विषय :– आदान सामग्री क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रण करने बावत।

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि, इस कार्यालय के अधिनस्थ प्रशिक्षण संस्थान एवं पचमढ़ी, मटकुली, उद्यानों में फलपौध उत्पादन वितरण कार्यक्रम एवं मात्रवृक्षों में रखरखाव आदि कार्यों में उपयोग होने वाली सामग्री क्रय हेतु सील बंद निविदाएं दिनाँक 28 / 04 / 2016 को सांय 3.00 बजे तक इस कार्यालय में आमंत्रित की गई हैं। जिसका प्रकाशन दैनिक भास्कर एवं अन्य समाचार पत्रों में किया जाना है।

प्रकाशन हेतु सूचना पत्र की छैः प्रतियाँ पत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत है। कृपया प्रकाशित करने की कृपा करें।

संलग्न :– छैः प्रतियाँ

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी**
**जिला होशंगाबाद**

पृ. क्रमांक / उद्यान / भडांर / 2016–17 / 25 /पचमढ़ी, दिनांक 13/04/16

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त सह संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी म0प्र0 भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. संयुक्त संचालक उद्यान नर्मदापुरम संभाग होशंगाबाद की ओर सूचनार्थ।
3. संयुक्त संचालक उद्यान (प्रशिक्षण) पचमढ़ी की ओर सूचनार्थ।

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी**
**जिला होशंगाबाद**

# कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी

क्रमाँक / उद्यान / भडांर / 2016–17 / / पचमढ़ी, दिनाँक .............

प्रति,

**आयुक्त,**
**जन संपर्क संचालनालय (विज्ञापन)**
**बाण गंगा रोड़ भोपाल (म0प्र0)**

विषय :– आदान सामग्री क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रण करने बावत।

उपरोक्त विषय में निवेदन है कि, इस कार्यालय के अधिनस्थ प्रशिक्षण संस्थान एवं पचमढ़ी, मटकुली, उद्यानों में फलपौध उत्पादन वितरण कार्यक्रम एवं मात्रवृक्षों में रखरखाव आदि कार्यों में उपयोग होने वाली सामग्री क्रय हेतु सील बंद निविदाएं दिनाँक 28 / 04 / 2016 को सांय 3.00 बजे तक इस कार्यालय में आमंत्रित की गई हैं। जिसका प्रकाशन दैनिक भास्कर एवं अन्य समाचार पत्रों में किया जाना है।

प्रकाशन हेतु सूचना पत्र की छैः प्रतियाँ पत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत है। कृपया प्रकाशित करने की कृपा करें।

संलग्न :– छैः प्रतियाँ

Sd

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी**
**जिला होशंगाबाद**

पृ. क्रमांक / उद्यान / भडांर / 2016–17 / 25 / पचमढ़ी, दिनांक 13/04/16

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त सह संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी म0प्र0 भोपाल की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
2. संयुक्त संचालक उद्यान नर्मदापुरम संभाग होशंगाबाद की ओर सूचनार्थ।
3. संयुक्त संचालक उद्यान (प्रशिक्षण) पचमढ़ी की ओर सूचनार्थ।

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी**
**जिला होशंगाबाद**

# कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी

**फोन/फैक्स नम्बर 07578– 252074 Email id:-adh.pcm2015@gmail.com**

क्रमाँक/उद्यान/भडांर/निविदा/2016–17/ 26 /पचमढ़ी, दिनाँक 13-04-2016

## संक्षिप्त निविदा - सूचना

अप्रैल 2016 से 31मार्च 2017 तक के लिये कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी के अधीनस्थ शासकीय उद्यानों में उपयोग हेतु विभिन्न सामग्रियों को एफ.ओ.आर प्रदाय करने की दरों की सीलबंद निविदाएं कार्यालय/उद्यानवार कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी में दिनाँक 28/04/2016 तक आंमत्रित की जाती है। कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी से राशि रूपये 50/– (रूपये पचास) जमा किए जाकर दिनाँक 27/04/2016 तक कार्यालयीन समय में एवं 28/04/2015 को दोपहर 02.00 बजे तक प्राप्त किए जा सकते है। सील बंद निविदायें दिनाँक 28/04/2016 को दोपहर बाद 02.30 बजे तक कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी में जमा की जा सकती है। प्राप्त निविदायें दिनाँक 28/04/2016 को ही दोपहर बाद 3.00 बजे उपस्थित निविदाकर्त्ताओं के समक्ष समिति द्वारा खोली जावेंगी। सामग्रीवार धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स चेक " सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी " के पक्ष में देय हो निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। नगद राशि मान्य नहीं की जावेगी। सामग्री का विवरण एवं अन्य शर्ते उद्यान विभाग की **बेवसाइट www.mphorticulture.gov.in** पर देखी जा सकती है तथा **कार्यालयीन समय में दूरभाष क्रमाँक 07578–252074 एवं 07578–252643 पर सम्पर्क किया जा सकता है।**

| क्र. | नाम सामग्री | इकाई | प्रदायगी स्थान का नाम एवं सामग्री की अनुमानित मात्रा | | | | योग | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रशिक्षण संस्थान पचमढ़ी | पचमढ़ी उद्यान | पगारा उद्यान | मटकुली उद्यान | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | कापर सल्फेट | कि.ग्रा. | 50 | 250 | 50 | 550 | 900 | 8000/– |
| 2 | गोबर की खाद (सड़ी हुई) | घन मी. | 100 | 350 | 50 | 1100 | 1600 | 20000/– |
| 3 | काली मिटटी | घन मी. | 30 | 130 | 50 | 60 | 270 | 5000/– |
| 4 | मुरम (लाल कंकड वाली) | घन मी. | 20 | 50 | 20 | 100 | 190 | 3000/– |
| 5 | सीमेंट (50 कि.ग्रा. प्रति पैकिंग) | बेग | 100 | 125 | 50 | 60 | 335 | 6000/– |
| 6 | पुराना बारदाना (पौध पैकिंग हेतु) | कि.ग्राम | – | 5000 | 2000 | 5000 | 12000 | 4000/– |
| 7 | पौध आईडेन्टिफिकेशन टेग प्रिंटेड, साईज(60X25X.01) mm एल्यूमिनियम | नग | 1000 | 46000 | – | 40000 | 87000 | 4000/– |
| 8 | जी.आई. नालीदार शीट (I.S.I.) 0.50mm x 1120mm x 8फिट | संख्या | 10 | 10 | – | – | 20 | 8000/– |
| | 0.50mm x 1120mm x 10 फिट | संख्या | 10 | 20 | 20 | 20 | 70 | |
| | 0.50mm x 1120mm x 12 फिट | संख्या | 10 | 40 | 30 | 30 | 110 | |
| | 0.50mm x 1120mm x 14 फिट | संख्या | 10 | 30 | – | – | 40 | |
| 9 | सिलिकान मॉडीफाईड पोलीमर प्री कोटेड G.I.शीट नालीदार (I.S.I.मार्क, 0.50 MM) | संख्या | – | 22 | – | – | 22 | 4000/– |
| | सिलिकान मॉडीफाईड पोलीमर प्री कोटेड G.I.शीट (प्लेन) (I.S.I.मार्क, 0.50 MM) | फीट | – | 30 | – | – | 30 | |
| 10 | एम.एस. पाईप 1.5" एवं 2" (20फीट लम्बाई अनुमानित वजन 12एवं 15 कि.ग्रा.) | संख्या | 10 | 20 | 10 | 10 | 50 | 4000/– |
| | एम.एस. स्कवेअर पाईप 1"x1",1½X1½", 2"x2"(20 फीट लम्बाई अनुमानित वजन 12 से 15 कि.ग्रा.) | संख्या | 10 | 20 | 10 | 10 | 50 | |
| 11 | सीमेंट कॉंक्रेट एम 30 ग्रेट इन्टर लॉकिंग पैवल्स ब्लाक (60 MM) | वर्ग फुट | – | 3500 | – | 2000 | 5500 | 5000/– |

नोटः– 1. म.प्र.शासन वाणिज्य कर विभाग द्वारा जारी रजिस्ट्रकृत प्रमाण पत्र प्रारूप–7 की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। जिसमें पंजीकृत सामग्री का स्पष्ट उल्लेख हो ।

2. निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी के लिये निम्न स्थानों पर कार्यालयीन समय में संपर्क करें।

संयुक्त संचालक उद्यान पचमढ़ी :– **07578–252643**

सहायक संचालक उद्यान (प्र.उ.) पचमढ़ी :– **07578–252074**

सहायक संचालक उद्यान,
(प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी
जिला होशंगाबाद

पृ. क्रमाँक/उद्यान/भडांर/2016–17/ 27 /पचमढ़ी, दिनाँक 13.04.2016

प्रतिलिपी :–

1. आयुक्त सह संचालक, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी म.प्र. भोपाल की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. उद्यान अधीक्षक पचमढ़ी/मटकुली की ओर भेजकर लेख है कि अपने स्तर से भी इस संबंध में प्रचार प्रसार करें।
3. तहसीलदार/छावनी मंडल पचमढ़ी में नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. कार्यालयीन नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

संलग्न :– शर्ते

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी**
**जिला होशंगाबाद**

# निविदा की शर्ते

1. प्रत्येक सामग्री के निविदा फार्म अलग–अलग भरना होगा एवं सामग्री की जो दरें निविदा फार्म में भरी जावेगी वह 31/3/2017 तक प्रभावी रहेगी जिसमें कोई परिर्वतन मान्य नहीं होगा।
2. निविदा फार्म/शर्तें कार्यालयीन समय में अवकाश के दिनों को छोड़कर सूचना पत्र में दर्शायी अवधि तक कार्यालय सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी से प्राप्त किये जा सकते हैं।
3. निविदा सीलबंद लिफाफे में समय–सीमा में ही सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी कार्यालय में मान्य की जावेंगी।
4. निविदा में सामग्री के समक्ष दर्शाये अनुसार धरोहर राशि के बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक सहायक संचालक उद्यान (प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी के पक्ष में देय हो निविदा फार्म के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। नगद, चैक के रूप में, राशि मान्य नहीं की जावेगी।
5. सफल निविदाकर्त्ताओं को छोड़कर शेष निविदाकर्त्ताओं की धरोहर राशि तत्काल वापस कर दी जावेगी।
6. सफल निविदाकर्त्ताओं की धरोहर राशि सामग्री की पूर्ति उपरांत वापस की जावेगी। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक की अवधि समाप्त होने के पूर्व नया या अवधि बढ़ाकर देना होगा।
7. प्रदाय सामग्री उच्च गुणवत्ता की एवं निर्धारित मापदण्ड अनुसार होना अनिवार्य है।
8. प्रदाय आदेश के 15 दिवस में सामग्री की पूर्ति करना अनिवार्य है।
9. प्रदाय आदेश अनुसार उद्यानों पर कार्यालयीन समय (प्रातः 8 से 12 बजे एवं दोपहर 2 बजे से 6 बजे) में पहुंचाकर उपलब्ध कराना होगा।
10. सामग्री समय से प्रदाय न करने, गुणवत्ता अनुसार सामग्री न होने एवं मांग अनुसार पूर्ति न करने पर निविदा निरस्त कर धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।
11. सीलबंद निविदाएं दिनांक 28/04/2016 को दोपहर बाद 3.00 बजे तक प्राप्त की जावेंगीं एवं बाद में प्राप्त निविदाओं पर कोई विचार नही किया जावेगा।
12. दिनांक 28/04/2016 को ही दोपहर बाद 3.00 बजे क्रय समिति एवं उपस्थित निविदाकर्त्ताओं के समक्ष प्राप्त निविदाएं खोली जावेंगी।
13. पुराना बोरा फट्टी, बारदाना न्यूनतम 2x2 फिट से छोटे आकार का स्वीकार नहीं किया जावेगा एवं बोरा–फट्टी सड़ी गली अथवा जली नहीं होना चाहिए।
14. मध्यम काली मिट्टी ढ़ेले रहित बारीक होना आवश्यक है।
15. गोबर की खाद पूर्ण रूप से सड़ी हुई मिट्टी कचरा/पन्नी रहित होना आवश्यक है।
16. प्लांट आईडेन्टिफिकेशन टैग निविदा सूचना पत्र में उल्लेख अनुसार साईज के, विभागीय मोनो, उद्यान का नाम व पता, पौधों का नाम एवं किस्म आदेश अनुसार प्रिंट कराकर बाईडिंग बायर सहित देना होगा।
17. सामग्री बिल पर प्रदाय करना होगी।
18. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अंतिम निर्णय संयुक्त संचालक उद्यान पचमढ़ी के पास सुरक्षित रहेगा।
19. किसी भी तरह का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में अंतिम निर्णय सहायक संचालक उद्यान पचमढ़ी का मान्य होगा।
20. शासन के निर्देशानुसार सामग्री पर देय वेट टैक्स संबंधी कार्यवाही उपरांत भुगतान किया जावेगा।
21. प्रत्येक निविदाकर्त्ता का टिन नंबर होना अनिवार्य है जिसकी छायाप्रति निविदा फार्म के साथ संलग्न की जावे।
22. निविदा फार्म में उल्लेखित सामग्री की मात्रा कम/अधिक हो सकती है।
23. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय के बाद प्राप्त होने वाली निविदाए मान्य नही की जावेंगी।
24. म.प्र.शासन वाणिज्य कर विभाग द्वारा जारी रजिस्ट्रकृत प्रमाण पत्र प्रारूप–7 की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है। जिसमें पंजीकृत सामग्री का स्पष्ट उल्लेख हो।

**सहायक संचालक उद्यान,**
**(प्रमुख उद्यान) पचमढ़ी**
**जिला होशंगाबाद**